# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स बिहार प्रक्षेत्र II
## वैदिक चेतना शिविर – 2012–13
## खण्ड – 'अ' (सैद्धांतिक)

प्र0 1. चार वेद कौन–कौन से है?
उत्तर चार वेद इस प्रकार है – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद।
प्र0 2. सृष्टि के आदि में ईश्वर ने किन लोगों को और किस चीज का ज्ञान दिया?
उत्तर सृष्टि के आदि में ईश्वर ने चार ऋषियों के हृदय में वेदों का ज्ञान दिया।
प्र0 3. पाँच ज्ञानेन्द्रीयों का नाम बताएँ।
उत्तर आँख, नाक, जीभ, कान एवं त्वचा।
प्र0 4. आर्य किसे कहते हैं?
उत्तर जिसका गुण, कर्म, स्वभाव श्रेष्ठ होता है, उसे आर्य कहते है।
प्र0 5. आर्य समाज की स्थापना किसने की?
उत्तर आर्य समाज की स्थापना महर्षि स्वामी दयानन्द ने की।
प्र0 6. आर्यो के धर्म का नाम बताएँ।
उत्तर आर्य के धर्म का नाम वैदिक धर्म है।
प्र0 7. आर्य समाज किसका उपासक है?
उत्तर आर्य समाज सच्चिदानंद स्वरूप एक ईश्वर का उपासक है।
प्र0 8. आचमन मंत्र पढ़कर कितनी बार आचमन किया जाता है औ क्यों?
उत्तर आचमन मंत्र पढ़कर तीन बार आचमन, गले को साफ करने के लिए किया जाता है।
प्र0 9. अतिथि यज्ञ किसे कहते है?
उत्तर घर आये अतिथि का आदर–सत्कार करन अतिथि यज्ञ कहलाता है।
प्र0 10. आश्रम कितने और कौन–कौन से है?
उत्तर आश्रम चार है। इनके नाम है– ब्रह्मचर्य, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम, तथा संन्यास आश्रम।
प्र0 11. ब्रह्मचर्य की अवस्था कौन–सी है?
उत्तर ब्रह्मचर्य की अवस्था अध्ययन काल की अवस्था है।
प्र0 12. ईश्वर स्तुति प्रार्थनोपासना मंत्र कितने है?
उत्तर ईश्वर स्तुति प्रार्थनोपासना मंत्र आठ है।
प्र0 13. ईश्वर का निज नाम क्या है?
उत्तर ईश्वर का निज नाम ओ३म है।
प्र0 14. ईश्वर स्तुति से क्या लाभ है?
उत्तर ईश्वर स्तुति से हमारे गुण, कर्म एवं स्वभाव बढ़ने लगते है।
प्र0 15. इन्द्रियस्पर्श मंत्र कौन सा है?
उत्तर ओं वाक् वाक् । ओं प्राणः प्राणः। ओं चक्षुः चक्षुः। ओं नेत्रम्। ओं नाभिः। ओं हृदयम्। ओं कण्ठः। ओं शिरः। ओं बाहुभ्याम् यशोबलम्। ओं करतल करपृष्ठे।
प्र0 16. उपनिषद् कितने है?
उत्तर उपनिषद् ग्यारह है।
प्र0 17. कितनी वस्तुएँ अनादि है?
उत्तर तीन वस्तुएँ अनादि है।
प्र0 18. किस आधार पर किसी को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र ठहराया जाता है?
उत्तर गुण, कर्म और स्वभाव के आधार पर ही व्यक्ति को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र ठहराया जाता है।

प्र0 19 महामंत्र किसे कहते है और क्यों कहा गया है?
उत्तर गायत्री मंत्र को उत्तम विचारों के कारण महामत्र कहा गया है।
प्र0 20 क्या परमात्मा मनुष्य बन सकता है।
उत्तर परमात्मा कभी भी मनुष्य नहीं बन सकता है।
प्र0 21 गायत्री शब्द का क्या अर्थ है?
उत्तर जो मंत्र गानेवाले की रक्षा करे, उसे गायत्री मंत्र कहते है।
प्र0 22 गायत्री मंत्र को कौन–कौन से नामों से पुकारा जाता ह?
उत्तर गायत्री मंत्र को महामंत्र, गुरूमंत्र, वेदमाता मंत्र आदि नामों से पुकारा जाता है।
प्र0 23 गायत्री मंत्र के 'भर्गः' शब्द का क्या अर्थ है?
उत्तर गायत्री मंत्र के 'भर्गः' शब्द का अर्थ 'पवित्र शुद्ध स्परुप' है।
प्र0 24 गायत्री मंत्र का जप कब करना चाहिए?
उत्तर गायत्री मंत्र का जप प्रातःकाल एवं सायंकाल करना चाहिए।
प्र0 25 प्रतिदिन संध्या कितनी बार करनी चाहिए?
उत्तर प्रतिदिन संध्या प्रातःकाल एवं सायंकाल करना चहिए।
प्र0 26 जाति किसे कहते हैं?
उत्तर प्राणि जिसे जन्म से प्राप्त करता है, उसे जाति कहते हैं।
जैसेः– कुत्ता, बिल्ली, गाय, भैंस, मनुष्य आदि।
प्र0 27 देवयज्ञ किसे कहते हैं?
उत्तर देवताओं को तृप्त करने के लिए जो अनुष्ठान किया जाता है उसे देव यज्ञ कहते हैं।
प्र0 28 'द्विज' शब्द का क्या अर्थ है?
उत्तर जो दो बार जन्म ले उसे 'द्विज' कहते हैं।
प्र0 29 देवता किसको कहते हैं?
उत्तर जो हमें कुछ देता है उसे देवता कहते हैं।
प्र0 30 देवता कितने प्रकार के होते हैं?
उत्तर देवता दो प्रकार के होते हैं अर्थात् जड़ एंव चेतन।
प्र0 31 देवयज्ञ से क्या लाभ है?
उत्तर देवयज्ञ से वातावरण की शुद्धि, रोगशमन एवं मन पवित्र होता है।
प्र0 32 देवयज्ञ का दूसरा नाम क्या है?
उत्तर देवयज्ञ का दूसरा नाम 'अग्निहोत्र' है।
प्र0 33 'धर्म' का वास्तविक अर्थ क्या है?
उत्तर 'धर्म' शब्द का वास्तविक अर्थ पवित्र गुण, कर्म, स्वभाव को धारण करना है।
प्र0 34 'धर्म' शब्द किस धातु से बना है?
उत्तर 'धर्म' शब्द 'धृ–धारणे' धातु से बना है।
प्र0 35 परमात्मा कहाँ रहते हैं?
उत्तर परमात्मा सर्वव्यापक हैं, अतः सर्वत्र रहते हैं।
प्र0 36 परमात्मा कब से हैं?
उत्तर परमात्मा सदा से हैं।
प्र0 37 'नमस्ते' का क्या अर्थ है?
उत्तर 'नमस्ते' का अर्थ है कि " मैं आपको आदरपूर्वक नमन करता / करती हूँ"
प्र0 38 स्वाहा का क्या अर्थ है?
उत्तर स्वाहा का अर्थ है 'सु + आह', अर्थात् सुन्दर कथन।
प्र0 39 प्राणायाम मंत्र बोलकर कितनी बार प्राणायाम किया जाता है?
उत्तर प्राणायाम मंत्र बोलकर कम–से–कम तीन बार और अधिक–से–अधिक इक्कीस बार

किया जा सकता है।

प्र0 40. पितृयज्ञ किसे कहते हैं।

उत्तर माता–पिता एवं वृद्धों को सेवा कर तृप्त करना पितृयज्ञ कहलाता है।

प्र0 41. 'ब्रह्मयज्ञ' किसे कहते हैं?

उत्तर ईश्वरोपसना अर्थात संध्या आदि 'ब्रह्मयज्ञ' कहलाता है।

प्र0 42. 'ब्रह्म' का क्या अर्थ है?

उत्तर 'ब्रह्म' का अर्थ ईश्वर है।

प्र0 43. पंचमहायज्ञ कौन–कौन से हैं?

उत्तर ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ एवं भूतयज्ञ।

प्र0 44. 'मंत्र' शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर 'मंत्र' शब्द का अर्थ चिन्तन अथवा विचार है।

प्र0 45. योग के कितने अंग हैं?

उत्तर योग के आठ अंग है।

प्र0 46. यम कौन–कौन से हैं?

उत्तर अहिंसा, सत्य, अस्तेय,ब्रह्मचर्य, तथा अपरिग्रह यम कहलाते हैं।

प्र0 47. सत्य क्या है?

उत्तर जो तीनों काल में एक जैसा रहे उसे सत्य कहते हैं।

प्र0 48. संस्कार कितने हैं?

उत्तर संस्कार सोलह (16) हैं।

प्र0 49. 'इदं न मम' का क्या अभिप्राय है?

उत्तर 'इदं न मम' का अभिप्राय है, यह मेरा नहीं है।

प्र0 50. ईश्वर के अनेक नाम क्यों है?

उत्तर ईश्वर के अनेक गुणों के कारण ही उसके नाम है।

प्र0 51. प्रमाण कितने तरह के होते है?

उत्तर प्रमाण आठ तरह के होते हैं।

प्र0 52. स्वर्ग और नरक क्या है?

उत्तर सुख विशेष को 'स्वर्ग' और दुःख विशेष का 'नरक' कहते हैं।

प्र0 53. गुण कितने हैं और कौन–कौन हैं?

उत्तर गुण तीन हैं– सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण।

प्र0 54. प्रकृति क्या है?

उत्तर सतोयुण, रजोयुण और तमोगुण का सम्मिश्रण प्रकृति है।

प्र0 55. जीव किसे कहते है?

उत्तर जो इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख ज्ञानादि गुणयुक्त अल्पज्ञ नित्य है उसी को जीव कहते हैं।

प्र0 56. ईश्वर कैसा हैं?

उत्तर ईश्वर सत्, चित्, आनन्दस्वरूप है, इसलिए उसे सच्चिदानन्द कहते हैं।

प्र0 57. अनादि पदार्थ कितने और कौन–कौन से हैं?

उत्तर अनादि पदार्थ तीन है– ईश्वर, जीव और प्रकृति। इन्हें अनादि पदार्थ कहते हैं क्योंकि ये न तो कभी पैदा होते है और न कभी मरते हैं। ये सदा से है और सदा रहेंगें।

प्र0 58. अनादि और अनन्त किसे कहते हैं?

उत्तर जो कभी पैदा नहीं होता, अर्थात् जिसका कोई आदि नहीं, उसे अनादि कहते हैं। जो कभी मरता नहीं, अर्थात कोई अन्त नहीं, उसे अनन्त कहते हैं।

प्र0 59. 'सत्' किसे कहते हैं?

उत्तर जो है, था और सदा रहेगा, उसे 'सत' कहते है।

प्र0 60 आनन्द किसे कहते है?
उत्तर एक प्रकार के हर्ष की स्थिति, जिसे शब्दों में प्रकट नहीं किया जा सकता, जिसे इन्द्रियों द्वारा ग्रहण नहीं किया जा सकता, जिसे केवल आत्मा द्वारा ही अनुभव किया जा सकता है उसे आन्नद कहते हैं।

प्र0 61 हमें आन्नद कैसे प्राप्त हो सकता है?
उत्तर ईश्वर को प्राप्त करके ही हम पूर्ण आनन्द की प्राप्ति कर सकते हैं।

प्र0 62 वेदों में सर्वोत्तम कर्म किसे कहा गया है।
उत्तर वेदों में यज्ञ को सर्वोत्तम कहा गया है।

प्र0 63 महर्षि स्वामी दयानन्द के प्रसिद्ध ग्रन्थ कौन–कौन से हैं?
उत्तर 'ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका', 'सत्यार्थ प्रकाश' एवं 'संस्कार विधि' महर्षि दयानन्द के अनुपम ग्रन्थ है।

प्र0 64 ओ[illegible] में कितने अक्षर हैं?
उत्तर ओइम् मे तीन अक्षर है 'अ', 'उ' और 'म्' हैं

प्र0 65 'अ', 'उ' और 'म्' का क्या अर्थ है?
उत्तर 'अ' का अर्थ निर्माण करना 'उ' का अर्थ पालन करना तथा 'म्' का अर्थ समेट लेना है।

प्र0 66 कलियुग कितने वर्षो का होता है?
उत्तर कलियुग चार लाख [illegible], हजार वर्ष का होता है।

प्र0 67 वर्ण किसे कहते हैं?
उत्तर अपने गुण, कर्म, स्वभाव एवं योग्यता के अनुसार व्यक्ति जिस कर्त्तव्य विशेष का वरण करता है, उसे वर्ण कहते हैं।

प्र0 68 आश्रम किसे कहते हैं?
उत्तर जिसमें अत्यन्त परिश्रम करके उत्तम गुणों का ग्रहण और श्रेष्ठ कार्य किए जाएँ उसे आश्रम कहते हैं।

प्र0 69 मनुष्य किसे कहते हैं?
उत्तर जो विचार के बिना किसी काम को न करे, उसका नाम मनुष्य है।

प्र0 70 यज्ञ किसे कहते हैं?
उत्तर परोपकार की भावना से किया गया प्रत्येक कर्म यज्ञ है।

प्र0 71 प्रारब्ध किसे कहते हैं?
उत्तर जो पूर्व किये हुए कर्मों के सुख–दुःख रूप फल का भोग किया जाता है, उसको प्रारब्ध कहते हैं।

प्र0 72 'संध्या' में मनसा परिक्रमा के कितने मंत्र हैं?
उत्तर 'संध्या' में मनसा परिक्रमा के छः मंत्र हैं।

प्र0 73 अर्थ किसे कहते हैं?
उत्तर जो धर्म से ही प्राप्त किया जाय उसे अर्थ कहते हैं।

प्र0 74 'कार्य' किसे कहते हैं?
उत्तर जो धर्म तथा अर्थ से प्राप्त किये जाएँ, उसे काम कहते हैं।

प्र0 75 शिष्य किसे कहते हैं?
उत्तर जो सत्य, शिक्षा और विद्या का ग्रहण करने योग्य धर्मात्मा विद्या ग्रहण की इच्छा और आचार्य को प्रिय करने वाला हो, उसे शिष्य कहते हैं।

प्र0 76 गुरू किसे कहते हैं?
उत्तर माता–पिता और आचार्य, जो सत्य का ग्रहण कराएँ और असत्य को छुड़ाएँ उन्हें गुरू कहते हैं।

प्र0 77 'जन्म' और 'मृत्यु' क्या है?

उत्तर शरीर के संयोग का नाम 'जन्म' और वियोग का नाम 'मृत्यु' है।

प्र0 78 'योग' शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर 'योग' का अर्थ है जोड़ या मिलन। आत्मा का परमात्मा से मिलन भी योग है।

प्र0 79 'नियम' कितने और कौन–कौन से हैं?

उत्तर शौच, सन्तोष, तप, सवाध्याय एवं ईश्वर प्रणिधान– ये पाँच नियम है।

प्र0 80 'अद्वैतवाद' क्या है?

उत्तर केवल 'ईश्वर' को जो लोग मानते हैं, वे अद्वैतवादी है।

प्र0 81 'द्वैतवाद' क्या है?

उत्तर जो लोग जीव एवं प्रकृति को मानते हैं, वे 'द्वैतवादी' कहलाते हैं।

प्र0 82 'त्रैतवाद' किसे कहते हैं?

उत्तर जो लोग ईश्वर, जीव एवं प्रकृति तीनों की सत्ता को स्वीकार करते हैं, वे लोग 'त्रैतवादी' कहलाते हैं। आर्यसमाज त्रैतवाद के सिद्धान्त को मानता है।

प्र0 83 वेदों की शिक्षा किसके लिए है?

उत्तर वेदों की शिक्षा प्राणिमात्र के लिए है।

प्र0 84 वर्ण कितने होते हैं?

उत्तर वर्ण चार होते हैं ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र।

प्र0 85 ऋषि किसे कहते हैं?

उत्तर मंत्र का साक्षात्कार करने वाले को ऋषि कहते हैं।

प्र0 86 शास्त्र कितने हैं?

उत्तर शास्त्र छः हैं।

प्र0 87 शास्त्रों का नाम बताएँ।

उत्तर शास्त्रों के नाम इस प्रकार हैं– शिक्षा, कल्प, निरूक्त, व्याकरण, ज्योतिष और छन्द।

प्र0 88 'ब्राह्मणग्रन्थ' कितने और कौन–कौन से हैं?

उत्तर 'ब्राह्मणग्रन्थ' चार हैं– ऐतरेय, शतपथ, साम तथा गोपथ।

प्र0 89 सत्यार्थ प्रकाश में कुल कितने समुल्लास हैं?

उत्तर सत्यार्थ प्रकाश में कुल चौदह समुल्लास हैं।

प्र0 90 मनुष्य का सच्चा आभूषण क्या है?

उत्तर मनुष्य का सच्चा आभूषण विद्या है।

प्र0 91 क्या ब्राह्मण का पुत्र शूद्र और शुद्र का पुत्र ब्राह्मण बन सकता है।

उत्तर हाँ, अपने कर्मो के अनुसार ब्राह्मण का पुत्र शूद्र और शूद्र का पुत्र ब्राह्मण बन सकता है।

प्र० 92 परोपकार किसे कहते हैं ?

उ० अपने संपूर्ण सामर्थ्य से दूसरे प्राणियों के सुख के लिए तन, मन, धन से प्रयत्न करना ही परोपकार कहलाता है।

प्र० 93 शिष्टाचार किसे कहते है ?

उ० जिसमें शुभ गुणों का ग्रहण एवं अशुभ गुणों का त्याग किया जाता है उसे शिष्टाचार कहा जाता है।

प्र० 94 आचार्य किसे कहते हैं ?

उ० श्रेष्ठ आचार ग्रहण कराके अपने विद्यार्थियों को पढ़ाए उसे आचार्य कहते हैं।

प्र० 95 वेद किसे कहते हैं ?

उ० जो ईश्वरोक्त सत्य विद्याओं से युक्त ऋग्संहितादि चार पुस्तकें हैं, जिनसे मनुष्य को सत्यासत्य का ज्ञान होता है उसे वेद कहते हैं।

प्र० 96 शास्त्र किसे कहते हैं ?

उ० जो सत्य विद्याओं से युक्त हो और जिसके द्वारा मनुष्यों को सत्य शिक्षा प्राप्त हो उसे शास्त्र कहते है।

प्र० 97 उपवेद कितने और कौन कौन से हैं ?

उ० उपवेद चार हैं – आयुर्वेद, धनुर्वेद, गांधर्ववेद और अथर्ववेद (शिल्पवेद)।

प्र० 98 वेदों के उपांग नाम से कौन कौन से ग्रन्थ जाने जाते हैं ?

उ० वेदों के उपांग हैं – मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, योग, सांख्य और वेदांत।

खण्ड– 'ब' (ऐतिहासिक)

प्र0 1 – गीता का उपदेश किसने दिया?

उत्तर – गीता का उपदेश श्री कृष्ण ने अर्जुन को दिया।

प्र0 2 – गुरूकुल के प्रथम संस्थापक कौन थे?

उत्तर – गुरूकुल के प्रथम संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द थे।

प्र0 3 – महर्षि दयानन्द के गुरू का नाम क्या था?

उत्तर – दण्डी स्वामी विरजानन्द सरस्वती।

प्र0 4 – महर्षि दयानन्द मूलतः किस प्रान्त के निवासी थे?

उत्तर – महर्षि दयानन्द मूलतः गुजरात प्रान्त के निवासी थे।

प्र0 5 – महर्षि दयानन्द का देहावसान कब और कहाँ हुआ था?

उत्तर – महर्षि दयानन्द का देहावसान 31 अक्टूबर 1883 को अजमेर में हुआ था।

प्र0 6 – वेदों का ज्ञान सर्वप्रथम किसे मिला?

उत्तर – वेदों का ज्ञान सर्वप्रथम चार ऋषियों के ह्रदय में हुआ। जिन्हें अग्नि, वायु, आदित्य एवं अंगिरा के उपाधि नाम से जानते हैं।

प्र0 7 – महर्षि वाल्मीकि ने किस ग्रन्थ की रचना की?

उत्तर – महर्षि वाल्मीकि ने 'रामायण' की रचना की।

प्र0 8 – महर्षि दयानन्द के बचपन का नाम बताएँ।

उत्तर – महर्षि दयानन्द के बचपन का नाम मूलशंकर था।

प्र0 9 – महात्मा हंसराज के जन्म और मृत्यु के स्थानों के नाम बताएँ।

उत्तर – महात्मा हंसराज का जन्म बजवाड़ा में और मृत्यु लाहौर में हुई।

प्र0 10 – 'मनुस्मृति' किसके द्वारा निर्मित है?

उत्तर – 'मनुस्मृति' महर्षि मनु द्वारा निर्मित है।

प्र0 11 – 'योगदर्शन' के निर्माता कौन हैं?

उत्तर – 'योगदर्शन' के निर्माता महर्षि पतंजलि थे।

प्र0 12 – 'इशोपनिषद' किस वेद का हिस्सा है?

उत्तर – 'इशोपनिषद' यजुर्वेद का हिस्सा है।

प्र0 13 – स्वामी श्रद्धानन्द का पहला नाम क्या था?

उत्तर – स्वामी श्रद्धानन्द का पहला नाम मुन्शीराम था।

प्र0 14 – स्वामी विरजानन्द की जन्मभूमि कहाँ है?

उत्तर – स्वामी विरजानन्द की जन्मभूमि पंजाब प्रान्त है।

प्र0 15 – चेतक कौन था?

उत्तर – चेतक महराणा प्रताप का विश्वस्त घोड़ा था।

प्र0 16 – संसार के सर्वश्रेष्ठ पुरूषों में आप किसका नाम जानते हैं?

उत्तर – मर्यादा पुरूषोतम राम एवं योगीराज श्री कृष्ण का।

प्र0 17 – गुरू विरजानन्द सरस्वती को स्वामी दयानन्द क्या गुरूदक्षिणा देने गए थे?

उत्तर – गुरूजी को गुरुदक्षिणा देने के लिए स्वामी दयानन्द सरस्वती अपने गुरु की प्रियवस्तु एक सेर लौंग लेकर गए थे।

प्र0 18 – लाला लाजपत राय की मृत्यु किस प्रकार हुई थी?

उत्तर – लाला लाजपत राय की मृत्यु साईमन कमीशन के विरोध में प्रदर्शन करते समय पुलिस द्वारा लाठी चार्ज में चलाई गई लाठियों के चोट से हुई।

प्र0 19 – स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित श्रीमति परोपकारिणी सभा कहाँ है?

उत्तर – श्रीमति परोपकारिणी सभा राजस्थान प्रान्त में अजमेर नगर में है।

प्र0 20 – स्वामी दयानन्द को किसने जहर पिलाया?

उत्तर – स्वामी दयानन्द सरस्वती को उनके रसोइये ने दूध में जहर मिलाकर पिलाया।

प्र0 21 – स्वामी दयानन्द सरस्वती ने जहर पिलाने वाले के साथ कैसा व्यवहार किया?

उत्तर – स्वामी दयानन्द सरस्वती ने जहर पिलाने वाले के साथ दया का व्यवहार किया।

प्र0 22 – नन्हीं जान स्वामी जी के जान की दुश्मन क्यों बन गई?

उत्तर – स्वामी जी की कटु सत्य वाणी नन्हीं जान वैश्या को चुभ गई, इसलिए वह उनकी शत्रु बन गई।

प्र0 23 – स्वामी श्रद्धानन्द काँग्रेस से अलग क्यों हो गए?

उत्तर – काँग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति से असंतुष्ट होकर स्वामी श्रद्धानन्द काँग्रेस से अलग हो गये।

प्र0 24 – पं0 लेखराम की मृत्यु कैसे हुई?

उत्तर – एक विधर्मी द्वारा चाकू से वार करने के कारण पं0 लेखराम की मृत्यु हो गई।

प्र0 25 – हैदराबाद में सत्याग्रह किसलिए हुआ था?

उत्तर – हैदराबाद में सत्याग्रह निजाम सरकार द्वारा 'सत्यार्थ प्रकाश' पर लगाये गये प्रतिबंध के विरोध में आर्य समाज द्वारा किया गया था।

प्र0 26 – शहीद भगत सिंह के पिता का क्या नाम था?

उत्तर – शहीद भगत सिंह के पिता का नाम किशन सिंह था।

प्र0 27 – महर्षि दयानन्द से हिन्दी में भाषण देने का अनुरोध किसने किया था?

उत्तर – महर्षि दयानन्द से हिन्दी में भाषण देने के लिए सर्वप्रथम अनुरोध बंगाल के ब्रह्म समाज के नेता केशवचंद सेन ने किया था।

प्र0 28 – स्वतंत्रता आंदोलन में लाल–बाल–पाल इन तीनों से किन महापुरूषों के नामों का बोध होता है?

उत्तर – भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में 'लाल' से लाला लाजपतराय, 'बाल' से बाल गंगाधर तिलक तथा 'पाल' से बिपिनचंद्र पाल का बोध होता है।

प्र0 29 – भगत सिंह का बलिदान दिवस किस माह की किस तिथि को मनाया जाता है?

उत्तर – शहीद भगत सिंह का बलिदान दिवस प्रतिवर्ष 23 मार्च को मनाया जाता है।

प्र0 30 – महाभारत युद्ध को हुए कितने वर्ष हुए हैं?

उत्तर – महाभारत युद्ध को हुए लगभग पाँच हजार वर्ष बीत चुके हैं।

## खण्ड– 'स' (डी.ए.वी. आन्दोलन)

प्र0 1 – आर्य समाज के किन्हीं दो महापुरुषो के नाम बताएँ।

उत्तर – महात्मा हंसराज तथा अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द।

प्र0 2 – आर्य समाज के छठे नियम का मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर – आर्य समाज के छठे नियम का मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना है।

प्र0 3 – किसकी प्रार्थना पर स्वामी दयानन्द ने 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना आरम्भ की?

उत्तर – राजा जय किशन दास।

प्र0 4 – डी0ए0वी0 का पूरा नाम क्या है?
उत्तर – दयानन्द एंग्लो वैदिक।
प्र0 5 – डी0ए0वी0 आन्दोलन में सहयोग देनेवाले किन्हीं दो पुरूषों के नाम बताएँ।
उत्तर – लाला लाजपत राय और पं0 गुरुदत्त विद्यार्थी डी0ए0वी0 आन्दोलन में सहयोग देनेवाले दो महत्वपूर्ण महानुभाव थे।
प्र0 6 – महर्षि दयानन्द से काशी में शास्त्रार्थ ' किस विषय पर हुआ था।
उत्तर – महर्षि दयानन्द से काशी में शास्त्रार्थ ' मूर्तिपूजा' विषय पर हुआ था।
प्र0 7 – महात्मा हंसराज जी डी0ए0वी0 कॉलेज, लाहौर के किस पद पर नियुक्त थे?
उत्तर – महात्मा हंसराज जी डी0ए0वी0 कॉलेज, लाहौर के प्राचार्य पद पर नियुक्त थे।
प्र0 8 – लाला लाजपत राय का डी0ए0वी0 से क्या सम्बन्ध है?
उत्तर – लाला लाजपत राय डी0ए0वी0 संस्थाओं के नींव स्वरूप है।
प्र0 9 – महात्मा हंसराज डी.ए.वी. कॉलेज छोड़ने के बाद क्या करने लगे?
उत्तर – महात्मा हंसराज डी.ए.वी. कॉलेज छोड़ने के बाद आजीवन आर्य समाज के प्रचार में लग गए।
प्र0 10 – महात्मा हंसराज का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
उत्तर – महात्मा हंसराज का जन्म 17 अप्रैल, 1864 को पंजाब प्रान्त के होशियारपुर जिले के बजवाड़ा नामक ग्राम में हुआ था।
प्र0 11 – महात्मा हंसराज ने बी0ए0 की परीक्षा कब उत्तीण की?
उत्तर – महात्मा हंसराज बी0ए0 की परीक्षा सन् 1885 में उत्तीर्ण की।
प्र0 12 – प्रथम डी0ए0वी स्कूल की स्थापना कब और कहाँ हुई?
उत्तर – प्रथम डी0ए0वी0 स्कूल की स्थापना 1 जून 1886 ई0 में लाहौर में हुई।

खण्ड– 'द' (भारतीय स्वतंत्रता संग्राम)

प्र0 1 – 'सरफरोशी' की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है।' के लेखक का नाम बताएँ ?
उत्तर – पं0 राम प्रसाद बिस्मिल।
प्र0 2 – काकोरी रेल डैकती केस में किन क्रान्तिकारियों को मृत्युदण्ड मिला ?
उत्तर – पं0 राम प्रसाद बिस्मिल, अश्फाकउल्ला खाँ, ठाकुर रौशन सिंह और राजेन्द्र लाहिड़ी।
प्र0 3 – 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा' किसने कहा था ?
उत्तर – नेताजी सुभाषचंद्र बोस।
प्र0 4 – जलपोत से समुद्र में कूदने का साहस किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिखाया ?
उत्तर – वीर सावरकर।
प्र0 5 – लाहौर असेम्बली बम काण्ड में कौन–कौन क्रान्तिकारी संलिप्त थे ?
उत्तर – सरदार भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त।
प्र0 6 – लाहौर में समयपूर्व किन कान्तिकारियों को फाँसी पर लटकाया गया ?
उत्तर – भगत सिंह, शिवराम राजगुरू, सुखदेव।
प्र0 7 – क्रान्तिकारियों में पंडित जी के नाम से कौन प्रसिद्ध थे ?
उत्तर – चंद्रशेखर आजाद।
प्र0 8 – 'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' किसने कहा ?
उत्तर – बाल गंगाधर तिलक।
प्र0 9 – पूर्ण स्वराज की घोषणा कब, कहाँ और किसने की ?

उत्तर – 26 जनवरी 1929 को लाहौर में रावी नदी के किनारे पं0 जवाहरलाल नेहरू ने की।

प्र0 10 – भारत छोड़ो आन्दोलन कब हुआ ?

उत्तर – 1942 में।

प्र0 11 – 'करो या मरो' आन्दोलन कब हुआ ?

उत्तर – 1945 में।

प्र0 12 – भारत स्वतंत्र कब हुआ ?

उत्तर – 15 अगस्त 1947 को।

प्र0 13 – भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रथम संग्राम कब हुआ ?

उत्तर – सन 1857 को।

प्र0 14 – प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के किन्हीं तीन योद्धाओं के नाम ?

उत्तर – तात्या टोपे, बहादुरशाह जफर, वीर कुँवर सिंह।

प्र0 15 – जालियाँवाला बाग काण्ड कब और कहाँ हुआ ?

उत्तर – सन् 1919 में बैसाखी पर्व पर अमृतसर में।

प्र0 16 – 'मेरे शरीर पर पड़ा एक–एक लाठी अंग्रेजी राज्य के कफन में कील सिद्ध होगी' किसने कहा था ?

उत्तर – लाला लाजपत राय।

प्र0 17 – लाला लाजपत राय पर सैंडर्स ने लाठी से प्रहार क्यों किया ?

उत्तर – वह साइमन कमीशन का विरोध कर रहे थे।

प्र0 18 – लाला लाजपत राय की शहादत का बदला किसने लिया ?

उत्तर – सरदार भगत सिंह और उनके साथियों ने।

प्र0 19 – भगत सिंह आदि सैंडर्स को मारकर कहाँ छुपे ?

उत्तर – डी0ए0वी कॉलेज लाहौर के छात्रावास में।

प्र0 20 – भगत सिंह को छद्म वेश में लाहौर से कलकत्ता कौन लाया ?

उत्तर – दुर्गा भाभी।

प्र0 21 – दुर्गा भाभी कौन थी ?

उत्तर – शहीद भगवती चरण बोहरा की धर्मपत्नी।

प्र0 22 – चंद्रशेखर आजाद कहाँ और कैसे शहीद हुए ?

उत्तर – इलाहाबाद के एल्फ्रेड पार्क में अपनी पिस्तौल की अन्तिम गोली से।

प्र0 23 – जलियाँवाला बाग के हत्यारे जनरल डायर को किसने और कहाँ मारा ?

उत्तर – सरदार उधम सिंह ने लदन में।

प्र0 24 – जेल की अव्यवस्था के विरुद्ध लम्बी भूख–हड़ताल करते कौन क्रान्तिकारी शहीद हुआ ?

उत्तर – जतिंद्रनाथ दास।

प्र0 25 – मोहनदास करमचंद गाँधी को सबसे पहले महात्मा गाँधी किसने और कहाँ कहा ?

उत्तर – स्वामी श्रद्धानन्द ने गुरूकुल कांगड़ी में।

प्र0 26 – 'पगड़ी सम्भाल जट्टा' अंग्रजों के विरूद्ध किसने और कहाँ चलाया ?

उत्तर – भगत सिंह के चाचा सरदार किशन सिंह ने पंजाब में।

प्र0 27 – अंग्रेजों के खिलाफ कूका आन्दोलन के वीरों का केस किसने लड़ा ?

उत्तर – स्वामी श्रद्धानन्द जी ने।

प्र0 28 – आजाद हिंद सेना का गठन किसने किया ?

उत्तर – नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने।

प्र0 29 – 1857 में किस भारतीय सैनिक ने सर्वप्रथम विद्रोह किया और कहाँ ?

उत्तर – मंगल पांडे ने मेरठ छावनी में।
प्र0 30 – 1857 के सैनिक विद्रोह का कारण क्या था ?
उत्तर – कारतूसों में गाय एवं सूअर की चर्बी का उपयोग।
प्र0 31 बन्देमातरम् उद्घोष के प्रणेता कौन है ?
उत्तर बंकीमचंद्र चट्टोपध्याय, आनंदमठ में।
प्र0 32 – अंग्रेजों का भारत पर राज करने का मूलमंत्र क्या था?
उत्तर – फूट डाल कर राज्य करना था।
प्र0 33 किस स्वतंत्रता सग्रामी नेता को सरहदी गांधी का नाम दिया गया ?
उत्तर खान अब्दुल गफार खाँ।
प्र0 34 सविनय अवज्ञा आन्दोलन किसने और कब शुरू किया था ?
उत्तर महात्मा गाँधी ने 1930 में किया।
प्र0 35 महात्मा गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन क्यों समाप्त कर दिया था ?
उत्तर चौरी–चौरा काण्ड में आन्दोलन के हिंसात्मक हो जाने के कारण।
प्र0 36 1857 के सैन्य विद्रोह के समय भारत के गवर्नर जनरल कौन थे ?
उत्तर गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग।

सामान्य 'अ'

प्र0 1 – आर्य समाज का चौथा नियम क्या है?
उत्तर – आर्यसमाज का चौथा नियम बताता है कि सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने के लिए सर्वदा उद्यत रहना चाहिए।
प्र0 2 – 'सत्यार्थ प्रकाश' के अष्टम समुल्लास में किन विषयों का वर्णन है?
उत्तर – 'सत्यार्थ प्रकाश' के अष्टम समुल्लास में संसार की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय का वर्णन है।
प्र0 3 – किन्हीं दो संस्कारों के नाम बताएँ।
उत्तर – दो संस्कारों के नाम हैं विवाह संस्कार और नामकरण संस्कार।
प्र0 4 – किस आधार पर प्रत्येक नर–नारी को वेद पढ़ने का अधिकारी घोषित किया गया है?
उत्तर – वेद मंत्र के आधार पर प्रत्येक नर–नारी को वेद पढ़ने का अधिकारी माना गया है।
प्र0 5 – 'मुम्बई' का आर्य समाज से क्या सम्बन्ध है?
उत्तर – प्रथम आर्य समाज की स्थापना मुम्बई में ही हुई थी।
प्र0 6 – पूरे भारत को एक सूत्र में बाँधे रखने की क्षमता किस भाषा में है?
उत्तर – हिन्दी भाषा में।
प्र0 7 – महर्षि दयानन्द किस भाषा में भाषण दिया करते थे?
उत्तर – संस्कृत भाषा में।
प्र0 8 – मनुष्य की कर्मशील आयु कितनी मानी गई है और प्रत्येक आश्रम के लिए कितने वर्ष निश्चित किये गये हैं?
उत्तर – मनुष्य की कर्मशील आयु सौ वर्ष की मानी गई है और आश्रम के लिए पच्चीस वर्ष की अवधि निश्चित की गई है।
प्र0 9 – महर्षि दयानन्द से काशी में शास्त्रार्थ किस विषय पर हुआ?
उत्तर – महर्षि दयानन्द से काशी में शास्त्रार्थ 'मूर्त्तिपूजा' विषय पर हुआ।
प्र0 10 – जामा मस्जिद से किसने वेदमंत्र की व्याख्या की?
उत्तर – स्वामी श्रद्धानन्द जी ने जामा मस्जिद से वेदमंत्र की व्याख्या की।
प्र0 11 – शिवरात्रि को आर्य लोग किस प्रकार मनाते हैं?
उत्तर – शिवरात्रि को आर्य लोग ऋषिबोध दिवस के रूप में मनाते हैं।

प्र0 12 – सम्पूर्ण कर्मकाण्ड किस भाषा पर आधारित है?
उत्तर – सम्पूर्ण कर्मकाण्ड संस्कृत भाषा पर आधारित है।
प्र0 13 – स्वामी दयानन्द ने कुम्भ के मेले में कौन–सी पताका फहराया?
उत्तर – स्वामी दयानन्द ने कुम्भ के मेले में 'पाखण्डखण्डिनी' पताका फहराई।
प्र0 14 – स्वामी दयानन्द ने ब्रह्मचर्य के बल का प्रदर्शन किस तरह किया?
उत्तर – स्वामी दयानन्द ने ब्रह्मचर्य के बल का प्रदर्शन चार घोड़े वाली बग्घी को रोककर किया।
प्र० 15 स्वामी श्रद्धानन्द कितने वर्ष तक गुरूकुल कांगड़ी के आचार्य एवं मुख्याधिष्ठाता रहे ?
उ० स्वामी श्रद्धानन्द सतरह वर्षों तक गुरुकुल कांगड़ी के आचार्य एवं मुख्याधिष्ठाता रहे?
प्र० 16 पं० गुरूदत्त विद्यार्थी को ईश्वर पर विश्वास कब हुआ ?
उ० महर्षि दयानन्द की मृत्यु को देखकर (मृत्यु के दृश्य को देखकर) पं० गुरूदत्त विद्यार्थी को ईश्वर पर विश्वास हो गया।
प्र० 17 पं० गुरुदत्त विद्यार्थी डी०ए०वी० कॉलेज से अलग क्यों हो गए ?
उ० महर्षि दयानन्द की आज्ञा के अनुकूल संस्कृत को प्रमुख स्थान न दिए जाने के कारण पं० गुरूदत्त डी०ए०वी० से अलग हो गए।
प्र० 18 पं० श्यामजी कृष्ण वर्मा की अंतिम इच्छा क्या थी ?
उ० पं० श्यामजी कृष्ण वर्मा की अंतिम इच्छा थी कि उनकी अस्थियाँ स्वतंत्र भारत में लायी जाएँ।
प्र० 19 पं० श्यामजी कृष्ण वर्मा किसकी प्रेरणा से शिक्षार्थ इंग्लैण्ड गए ?
उ० पं० श्यामजी कृष्ण वर्मा स्वामी दयानन्द सरस्वती की प्रेरणा से शिक्षार्थ इंग्लैण्ड गए।
प्र० 20 आर्य समाज की सर्वोपरि संस्था का नाम क्या है और वह कहाँ अवस्थित है ?
उ० आर्य समाज की सर्वोपरि संस्था का नाम सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा है, और वह देश की राजधानी दिल्ली में अवस्थित है।
प्र० 21 पं० लेखराम की अंतिम शिक्षा क्या थी ?
उ० आर्यसमाज द्वारा लेख का काम कभी बन्द नहीं होना चाहिए।
प्र० 22 स्वतंत्रता आंदोलन में लाल–बाल–पाल इन तीनों से किन महापुरूषों के नामों का बोध होता है ?
उ० भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में 'लाल' से लाला लाजपत राय, 'बाल' से बाल गंगाधर तिलक तथा 'पाल' से विपिन चन्द्र पाल का बोध होता है।
प्र० 23 भगत सिंह का बलिदान दिवस किस माह की किस तिथि को मनाया जाता है ?
उ० शहिद भगत सिंह का बलिदान दिवस प्रतिवर्ष 23 मार्च को मनाया जाता है।
प्र० 24 आर्य समाज की स्थापना क्यों करनी पड़ी ?
उ० विश्व–बन्धुत्व की भावना को विकसित करने के लिए आर्य समाज की स्थापना करनी पड़ी।
प्र० 25 प्राणिमात्र का कल्याण एवं वेदधर्म की प्रचारक संस्था का क्या नाम है ?
उ० आर्यसमाज
प्र० 26 आर्यसमाज का सदस्य कौन बन सकता है ?
उ० जो अपने जीवन को उत्तम बनाना चाहे तथा सत्य को ग्रहण करने तथा असत्य को अस्वीकार करने को तैयार हो , वह आर्यसमाज का सदस्य बन सकता है।
प्र० 27 सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान का नाम क्या है ?
उ० कैप्टन देवरत्न आर्य।
प्र० 28 संसार में सबसे पहले मनुष्य कहाँ पैदा हुए थे ?
उ० मनुष्य सबसे पहले तिब्बत में उत्पन्न हुए थे।

प्र० 29 स्वामी श्रद्धानन्द जी की आत्मकथा का क्या नाम है ?

उ० स्वामी श्रद्धानन्द जी की आत्मकथा का नाम "कल्याण मार्ग का पथिक" है।

प्र० 30 पं0 श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

उ० पं0 श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म गुजरात प्रांत के माण्डवी नगर में हुआ था।

प्र० 31 स्वामी दर्शनानन्द जी के बचपन का नाम क्या था ?

उ० स्वामी दर्शनानन्द जी के बचपन का नाम कृपाराम था।

प्र० 32 पं0 गुरुदत्त विद्यार्थी ने अपने जीवन की अल्पावधि में कितनी बार "सत्यार्थ प्रकाश" को पढ़ लिया था ?

उ० अठारह बार

प्र० 33 महात्मा नारायण स्वामी आर्य समाज में किसलिए प्रसिद्ध थे ?

उ० महात्मा नारायण स्वामी उच्च कोटि के संगठनकर्त्ता, नेता तथा विद्वान् एवं उत्कृष्ट लेखन के लिए प्रसिद्ध थे।

प्र० 34 भाई परमानन्द के परिवार को 'भाई' की पदवी किसके द्वारा मिली ?

उ० भाई परमानन्द के परिवार को 'भाई' की पदवी गुरु गोविंद सिंह के द्वारा मिली।

प्र० 35 स्वामी स्वतंत्रतानन्द जी आर्यसमाज में किस लिए विख्यात हैं ?

उ० स्वामी स्वतंत्रतानन्द जी आर्यसमाज में 'हैदराबाद सत्याग्रह' के सेनापति स्वरुप के लिए विख्यात हैं।

प्र० 36 आर्य समाज द्वारा चलाए गए 'हिन्दी रक्षा सत्याग्रह' के संचालक कौन थे ?

उ० आर्य समाज द्वारा चलाए गए 'हिन्दी रक्षा सत्याग्रह' के संचालक स्वामी आत्मानन्द सरस्वती थे।

प्र० 37 स्वामी आत्मानन्द सरस्वती का आश्रम कहाँ है ?

उ० स्वामी आत्मानन्द सरस्वती का आश्रम हरियाणा प्रांत के यमुना नगर जिले में वैदिक साधन आश्रम के नाम से है।

प्र० 38 महात्मा आनन्द स्वामी का पूर्व नाम क्या था ?

उ० महात्मा आनन्द स्वामी का पूर्व नाम महाशय खुशहाल चन्द था।

प्र० 39 महात्मा आनन्द स्वामी का जीवन किस मंत्र से बदल गया ?

उ० महात्मा आनन्द स्वामी का जीवन गायत्री मंत्र के प्रभाव से बदल गया।

प्र० 40 आर्य समाज के विद्वानों और नेताओं में सर्वोत्कृष्ट हिन्दी वक्ता के रूप में कौन जाने जाने हैं ?

उ० पं० प्रकाशवीर शास्त्री (सांसद)।

प्र० 41 पूर्व जन्म के प्रबल संस्कार किस संयासी में देखने को मिला है ?

उ० ऐसा स्वामी ध्रुवानन्द सरस्वती में देखने को मिला है।

प्र० 42 स्वामी विरजानन्द जी के बचपन का नाम क्या था ?

उ० स्वामी विरजानन्द जी के बचपन का नाम बृजलाल था।

प्र० 43 प्रज्ञाचक्षु स्वामी विरजानन्द जी का जन्म स्थान कहाँ है ?

उ० पंजाब प्रांत के जालन्धर जिले का गंगापुर ग्राम।

प्र० 44 आजकल आर्यसमाज के वयोवृद्ध सन्यासी का नाम एवं स्थान बताएँ।

उ० स्वामी सर्वानन्द जी, दीनानगर (पंजाब)।

प्र० 45 आर्यसमाज के कौन से विद्वान वैदिक रिसर्च स्कॉलर के नाम से जाने जाते हैं ?

उ० पंडित अयोध्या प्रसाद जी।

प्र० 46 आर्य समाज से अलग भी अपनी विद्वत्ता का सिक्का जमानेवाले किन्हीं दो आर्य विद्वानों के नाम बताएँ।

उ० पंडित ब्रह्मदत्त जिज्ञासु एवं पंडित युधिष्ठिर मीमांसक।

प्र० 47 कलियुग कितने वर्ष का होता है ?

उ० कलियुग चार लाख बत्तीस हजार वर्ष का होता है।

प्र० 48 द्वापर एवं अन्य युग कितने वर्ष के होते हैं ?

उ० कलियुग से दोगुना 'द्वापर', तीन गुना 'त्रेता' तथा चौगुना 'सतयुग' होता है।

प्र० 49 चतुर्युगी किसे कहते हैं ?

उ० चार युगों को मिलाकर एक चतुर्युगी कहलाता है।

प्र० 50 संसार की आयु कितनी है ?

उ० एक हजार चतुर्युगी में जितने वर्ष होते हैं, उतनी ही संसार की आयु है, अर्थात चार अरब बत्तीस करोड़ वर्ष।

प्र० 51 सृष्टि को उत्पन्न हुए कितने वर्ष हो चुके हैं ?

उ० सृष्टि को उत्पन्न हुए एक अरब छियानबे करोड़ आठ लाख तिरेपन हजार एक सौ चार (1960853104) वर्ष हो चुके हैं।

प्र० 52 आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

उ० संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।

## सामान्य 'ब'

प्र० 1 ओम् ध्वज को फहराते समय किस गीत को गाया जाता है ?

उ० जयति ओम् ध्वज व्योम बिहारी।

प्र० 2 आर्यजनों का अटल निश्चय क्या होना चाहिए ?

उ० आर्य बनाए वसुधा सारी।

प्र० 3 धर्म के दस लक्षण कौन–कौन है ?

उ० धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय, निग्रह, धी, विद्या, सत्य एवं अक्रोध।

प्र० 4 जन्म के समय बच्चे के मुख में ओम् लिखने का विधान क्यों है ?

उ० ईश्वर के सानिध्य में लाना।

प्र० 5 हमारी वृति कैसी होनी चाहिए ?

उ० त्यागपूर्ण

प्र० 6 आर्यजनो का अटल निश्चय क्या होना चाहिए ?

उ० आर्य बनाए वसुधा सारी।

प्र० 7 वेदों की शिक्षा किसके लिए है ?

उ० वेदों की शिक्षा प्राणिमात्र के लिए है ?

प्र० 8 मनुष्य का सच्चा आभूषण क्या है ?

उ० विद्या मनुष्य का सच्चा आभूषण है।

प्र० 9 स्वामी दयानन्द से पहले कैसी रात थी ?

उ० अज्ञान की रात।

प्र० 10 सत्य को किसका कहा गया है ?

उ० परमात्मा का।

प्र० 11 महाराज रणजीत सिंह को क्या उपाधि मिली है ?

उ० पंजाब केसरी की।

प्र० 12 महाराज रणजीत सिंह कैसे राजा थे ?

उ० आदर्श राजा।

प्र० 13 श्री महावीर स्वामी किस मत के प्रवर्तक थे ?
उ० जैनमत के।
प्र० 14 चौबीसवाँ तीर्थंकर किसे कहा गया है ?
उ० श्री महावीर स्वामी को
प्र० 15 पं० गुरुदत्त विद्यार्थी को ईश्वर पर विश्वास कब हुआ ?
उ० महर्षि दयानन्द की मृत्यु को देखकर पं० गुरुदत्त विद्यार्थी को ईश्वर पर विश्वास हुआ।
प्र० 16 पूत का क्या अर्थ है ?
उ० पुत्र
प्र० 17 आर्य समाज कैसी संस्था है ?
उ० ईश्वर पर विश्वास रखनेवाली।
प्र० 18 आर्य समाज की स्थापना किस वर्ष हुई थी।
उ० 1975
प्र० 19 वेद सब सत्य विद्याओं का कैसा ग्रंथ है ?
उ० मूलग्रंथ
प्र० 20 वेदों के आधार पर महर्षि ने किस वाद को सिद्ध कर दिया ?
उ० एकेश्वरवाद।
प्र० 21 किस वाद की धारणा को निस्सार कर दिया ?
उ० बहुदेवतावाद
प्र० 22 मुक्ति क्या है ?
उ० आवागमन के चक्र से छूटना।
प्र० 23 आर्यसमाज किस विवाह के पक्ष में है ?
उ० विधवा विवाह
प्र० 24 आर्यसमाज किस विवाह के विरोधी है ?
उ० बाल विवाह
प्र० 25 रसना किसे कहते है ?
उ० जीभ को
प्र० 26 आत्मा को कैसे पाया जाता है ?
उ० योग साधना से।
प्र० 27 मूल शंकर कौन सा व्रत रखते थे ?
उ० महाशिवरात्रि
प्र० 28 व्रत करते समय मूल शंकर की आयु क्या थी ?
उ० ग्यारह वर्ष
प्र० 29 किसकी मृत्यु से मूलशंकर को पहला धक्का लगा ?
उ० बहन की मृत्यु से ।
प्र० 30 हकीकत राय की समाधि कहाँ है ?
उ० लाहौर
प्र० 31 भगवान राम किस युग में पैदा हुए थे ?
उ० त्रेतायुग।
प्र० 32 ध्रुव ने ध्रुवपद कैसे पाया ?
उ० घोर तपस्या से।
प्र० 33 भरत के लौट जाने पर श्रीराम चित्रकूट छोड़कर कहाँ चले गए ?
उ० पंचवटी में ।

प्र० 34 सीता की खोज करते हुए श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ किस पर्वत पर पहुँचे ?

उ० ऋष्यमूक।

प्र० 35 लक्ष्मण की मूर्च्छा किस बूटी के प्रभाव से दूर हुई ?

उ० संजीवनी बूटी।

प्र० 36 श्रीकृष्ण ने इन्द्र के कोप से गोकुलवासियों की रक्षा कैसे की ?

उ० गोवर्धन पर्वत को उठाकर।

प्र० 37 महाभारत के युद्ध में अर्जुन का सारथी कौन था ?

उ० श्रीकृष्ण

प्र० 38 गंधर्व मुनिजन किसका ध्यान करते है ?

उ० प्रभु का

प्र० 39 श्यामजी कृष्ण वर्मा ने कहाँ शिक्षा पायी थी ?

उ० इंग्लैण्ड में ।

सामान्य 'स'

प्र0 1 – गीता का उपदेश किसने दिया?

उत्तर – गीता का उपदेश श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया।

प्र0 2 – 'वेद' का दूसरा नाम क्या है?

उत्तर – 'श्रुति' वेद का दूसरा नाम है।

प्र0 3 – महर्षि दयानन्द सरस्वती किसके कहने से हिन्दी में व्याख्यान देने लगे।

उत्तर – ब्रह्म समाज के नेता केशवचन्द्र सेन के।

प्र0 4 – विश्व की सबसे प्राचीन पुस्तक का नाम बताएँ?

उत्तर – ऋग्वेद।

प्र0 5 – गुरू गोविन्द सिंह ने संस्कृत के प्रसार के लिए क्या किया?

उत्तर – सभी रियासतों में निःशुल्क पाठशाला बनवाए।

प्र0 6 – राजभाषा के रूप में पुरूषोत्तमदास टण्डन हिन्दी के किस रूप को अपनाने के पक्ष में थे?

उत्तर राष्ट्रभाषा

प्र0 7 – भारतवर्ष के आजाद होने पर महात्मा गांधी ने बी0बी0सी0 को अपना सन्देश प्रसारित करने के लिए क्यों नहीं दिया?

उत्तर – क्योंकि उस समय बी0बी0सी0 का प्रसारण केवल अंग्रेजी में होता था।

प्र0 8 – चार प्रकार के कर्म कौन–कौन हैं?

उत्तर – नित्य कर्म, नैमित्तिक कर्म, काम्य कर्म एवं निषिद्ध कर्म।

प्र0 9 – ब्रह्म यज्ञ क्या है?

उत्तर – सन्ध्या करना

प्र0 10 – योग का अभिप्राय क्या है?

उत्तर – जोड़ या मिलन।

प्र0 11 – यम कौन–कौन हैं?

उत्तर – अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह।

प्र0 12 – हिंसा क्या है?

उत्तर – मन, वचन या कर्म से किसी को कष्ट पहुँचाना।

प्र0 13 अभिवादन शील व्यक्ति को क्या लाभ होता है?

उत्तर आयु, विद्या, यश एवं बल की वृद्धि
प्र0 14 तीर्थ क्या है?
उत्तर तीर्थ का अर्थ पुल है। पार करने को भी तीर्थ कहा जाता है।
प्र0 15 सबसे बड़ा तीर्थ किसे कहा जाता है?
उत्तर माता को।
प्र0 16 बलि देवयज्ञ का अन्य नाम क्या है?
उत्तर भूत यज्ञ।
प्र0 17 योग का अभिप्राय क्या है?
उत्तर जोड़ या मिलन।
प्र0 18 योग की पहली सीढ़ी क्या है?
उत्तर यम।
प्र0 19 यम कौन–कौन हैं?
उत्तर अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह।
प्र0 20 हिंसा क्या है?
उत्तर मन, वचन या कर्म से किसी को कष्ट पहुँचाना।
प्र0 21 अपरिग्रह क्या है?
उत्तर धन का अनुचित संग्रह अपरिग्रह है।
प्र0 22 योग के कितने अंग हैं?
उत्तर आठ
प्र0 23 भगवान भक्त ने भगवान से क्या विनय की है?
उत्तर अविद्या दूर करने के लिए।
प्र0 24 ईराक (अर्क) का क्या अर्थ है?
उत्तर सूर्य
प्र0 25 मनु महाराज ने धर्म के कितने लक्षण बताये हैं?
उत्तर दस
प्र0 26 वे कौन से गुण है जिसके कारण व्यक्ति को धार्मिक कहा जा सकता है?
उत्तर धर्म उन मानवीय गुणों का नाम है जिन्हें धारण करके मनुष्य उन्नति करता है।
प्र0 27 उन्नति कितने प्रकार की होती है?
उत्तर शारीरिक, आत्मिक, सामाजिक।
प्र0 28 "हितभुक" का अर्थ क्या है?
उत्तर ऐसी वस्तु खाये जो स्वास्थ के लिए हितकर हो।
प्र0 29 हिन्दू शब्द का उदगम् स्थान कहाँ है?
उत्तर ईरान।
प्र0 30 युद्ध और अन्याय से बचने के लिए क्या सिखना आवश्यक है?
उत्तर युद्ध और अन्याय को समाप्त करने के लिए मानवता रूपी धर्म को अपनाना आवश्यक है।
प्र0 31 संस्कृति और इतिहास में क्या अन्तर है?
उत्तर परिचलित जीवन विधि को संस्कृति कहते हैं, स्वदेश में पैदा हुए वीर पुरुषों की जीवन लीला का नाम इतिहास है।
प्र0 32 राष्ट्र किसे कहते हैं?
उत्तर संस्कृति, इतिहास तथा भूमि इन तीनों सम्पदाओं के समूह का नाम राष्ट्र है।
प्र0 33 हमें प्रमाण किससे मानना चाहिए?
उत्तर वेद से।

# सामान्य ज्ञान

प्र० 1. ईश्वर ने मनुष्य को सबसे अच्छी वस्तु कौन सी प्रदान की है?
उत्तर : बुद्धि
प्र० 2. परमात्मा की भक्ति से क्या मिलता है?
उत्तर : आनन्द
प्र० 3. " पूजनीय प्रभो हमारे" यज्ञ की प्रर्थना को किसने लिखा है?
उत्तर : लोकनाथ तर्क वाचस्पति
प्र० 4. शान्तिपाठ का मंत्र किस वेद से लिया गया है?
उत्तर : यजुर्वेद
प्र० 5. तीर्थो पर जाने से क्या लाभ है?
उत्तर : संतो का संग और अच्छे विचार
प्र० 6. वेद का मुख्य उद्धेश्य क्या है?
उत्तर : मनुर्भव
प्र० 7. शास्त्रों के विषय क्या है?
उत्तर : आत्मा, परमात्मा, प्रकृति ,मुक्ति आदि से सम्बन्धित
प्र० 8. पितृ यज्ञ किसे कहते है?
उत्तर : जीवित माता पिता की सेवा
प्र० 9. यज्ञ विद्या के वैज्ञानिक ऋषि का क्या नाम है?
उत्तर : याज्ञवल्क्य
प्र० 10. मानव जीवन का उद्देश्य क्या है?
उत्तर : धर्म अर्थ काम मोक्ष प्राप्त करना
प्र० 11. उपासना की स्वतंत्रता किस धर्म में है?
उत्तर : सनातन धर्म में
प्र० 12. सुख शांति किससे मिलती है?
उत्तर : सच्चरित्रता और ईमानदारी से
प्र० 13. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक कौन है?
उत्तर : पं मदन मोहन मालवीय
प्र० 14. भारत सेवक समाज के संस्थापक कौन है?
उत्तर : गोपाल कृष्ण गोखले
प्र० 15. किस ज्वालामुखी को भूमध्यसागर का प्रकाश स्तंभ कहा गया है?
उत्तर : स्ट्राम्बोली
प्र० 16. किस फल वृक्ष को कल्पवृक्ष की संज्ञा दी गयी है?
उत्तर : नारियल
प्र० 17. ऑक्सीजन की खोज किसने की ?
उत्तर : जे. प्रीस्टले
प्र० 18. 2012 के औलंम्पिक खेल कहॉं आयोजित होगें ?
उत्तर : लंन्दन में

प्र° 19. बोलोमीटर से क्या मापते है?
उत्तर : उच्च ताप
प्र° 20. भारतीय संस्कृति की सोच है?
उत्तर : सादा जीवन उच्च विचार
प्र° 21. सुसंस्कृत का अर्थ क्या है?
उत्तर : सदाचारी
प्र° 22. चाणक्य किसका प्रधानमंत्री था ?
उत्तर : चन्द्रगुप्त मौर्य का
प्र° 23. कौन सा पेड़ दिन रात ऑक्सीजन देता है?
उत्तर : पीपल
प्र° 24. नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज किस देश में तैयार की?
उत्तर : जापान
प्र° 25. राजा दशरथ के दरबार में मुख्य ऋषि का नाम था?
उत्तर : वशिष्ट
प्र° 26. " चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊ सवा लाख से एक लड़ाऊ" यह उक्ति किसकी है?
उत्तर : गुरुगोविन्द सिंह
प्र° 27. श्रीकृष्ण के परम मित्र का नाम था?
उत्तर : सुदामा